वेटरनरी विश्वविद्यालय का इंडियन बायलर ग्रुप राजनंदगांव छ.ग से अनुबंध

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने हाल ही में एक औपचारिक समारोह में इंडियन ब्रायलर ग्रुप राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ के साथ एम.ओ.यू. नवीनीकरण पर हस्ताक्षर किए। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी, आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बहादुर अली जी, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी तथा आईबी ग्रुप के प्रेसिडेंट डॉक्टर आर.के. जायसवाल उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 4 दशकों से अधिक समय से स्थापित, आईबी ग्रुप को भारत के एकीकृत प्रोटीन लीडर के रूप में जाना जाता है, जो पोल्ट्री, खाद्य तेल, पशुधन फ़ीड, सॉल्वेंट और प्रोसेस्ड प्रोटीन जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है तथा ये किसानों, व्यापारियों और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए काम करते हैं। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को तथा जुड़े पशु पालकों/किसानो को इस अनुबंध से बहुत अधिक लाभ प्राप्त होता आया है तथा भविष्य में भी विश्वविद्यालय व आईबी ग्रुप परस्पर छात्रों एवं पशुपालको के हितार्थ कार्य करते रहे इसी उद्देश्य के साथ यह अनुबंध किया गया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर